Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 04-04-2023 अंक 531
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# चतरा में पुलिस भाकपा माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़

## मुठभेड़ में 5 इनामी नक्सलियों के ढेर होने के बाद लावालौंग पहुंचे डीजीपी व सीआरपीएफ डीजी समेत अन्य अधिकारी

## मुठभेड़ में शामिल जवानों का हौसला अफजाई कर दिया प्रोत्साहन राशि

**अपेम लाइव : चतरा**
**प्रमोद कुमार सिंह**







कान्हाचट्टी/चतरा : जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के चतरा–पलामू बार्डर पर स्थित नाडिया जंगल मे सुरक्षाबलों और भाकपा माओवादी के शीर्ष नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में पांच इनामी नक्सलियों के ढेर किए जाने के बाद राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह, सीआरपीएफ डीजी विपुल कुमार, एडीजी अभियान संजय आनंदराओ लाटकर, आईजी अभियान एवी होमकर समेत अन्य आला अधिकारी आज दोपहर खुद हेलिक०प्टर से चतरा के लावालौंग स्थित सीआरपीएफ कैंप में पहुंचे। इस दौरान डीआ. ईजी नरेंद्र सिंह, सीआरपीएफ के डीआईजी डीके चौधरी, एसपी राकेश रंजन, 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार समेत जिले भर के पुलिस व पारा मिलिट्री फोर्सेज के अधिकारियों ने हेलीपैड पर उनका स्वागत करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान सीआरपीएफ कैंप में आयोजित डीजीपी समेत अन्य आला अधिकारियों ने मुठभेड़ में शामिल जवानो का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें प्रोत्साहन राशि दिया। इस दौरान डीजीपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाकपा माओवादी के एक साथ पांच कुख्यात इनामी नक्शलियो का खात्मा चतरा समेत पूरे राज्य भर के पुलिस के एक बड़ी सफलता है। डीजीपी ने जवानों का हौसला अफजाई कर सम्मानित करते हुए कहा कि जवानो ने राज्य की पुलिस को एक बड़ी उपलब्धि दी है।उन्होंने फरार अन्य नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी भी समय है फरार नक्सली सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर पुलिस के समक्ष सरेन्डर कर दे अन्यथा उनका भी हश्र इन्ही पांच नक्सलियों की तरह होगा। वही सीआरपीएफ के डीजी वितुल कुमार ने कहा कि झारखंड के अधिकांश इलाके नक्सल प्रभावित हैं ऐसे में इन 5 कुख्यात इनामी नक्सलियों का खात्मा होना नक्सलियों के अस्तित्व पर करारा प्रहार है।

गौरतलब है कि कल यानि सोमवार की अहले सुबह चतरा–पलामू बार्डर पर स्थित नाडिया जंगल मे सुरक्षाबलों और भाकपा माओवादी के शीर्ष नक्सलियों के बीच हुए भीषण मुठभेड़ में पांच इनामी नक्शली ढेर हो गये थे। ढेर हुए नक्शलियो में 25 लाख के इनामी नक्शली गौतम पासवान,25 लाख के इनामी नक्शली चार्लीस उरांव समेत 5–5 लाख के तीन इनामी नक्शली अमर गंझू,नंदू यादव व संजीत भुईयां का नाम शामिल है।

**मारे गये नक्शलियो पर था 60 लाख का इनाम**

पुलिस की मुठभेड़ में मारे गए पांचों नक्सलियों के पर सरकार ने इनाम घोषित कर रखा था। सैक मेम्बर गौतम पासवान के विरुद्ध सरकार ने 25 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था तो वहीं साइक मेंबर अजीत उरांव उर्फ चार्लीस के विरुद्ध भी 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था। जबकि सब जोनल कमांडर अमर गंझू व अजय यादव उर्फ नंदू के विरुद्ध पांच–पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था।

**पुलिस से लुटे गये हथियार मौके से बरामद**

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने नक्सलियों का हथियार व कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने नक्सलियों का दो एके–47 राइफल, एक इंसांस राईफल, दो देसी राइफल, भारी मात्रा मे कारतूस,वॉकी–टॉकी समेत नक्सली साहित्य व नक्सलियों के द्वारा दैनिक उपयोग में लाया जाने वाला सामान भी बरामद किया है। इसके आलावा पुलिस की टीम कैश भी बरामद किये हैं। मामले को लेकर डीजीपी ने बताया कि नक्सलियों के पास से बरामद ं।–47 व इंसांस रा. ईफल पुलिस से लूटी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम यह जांच कर रही किया हथियार नक्सलियों ने पुलिस से कब लूटा था।

**सैक सदस्य गौतम पासवान के विरुद्ध झारखंड–बिहार के कई थानो मे पांच दर्जन से अधिक मामले हैं दर्ज**

भाकपा माओवादी नक्सली संगठन का कुख्यात सैक सदस्य गौतम पासवान प्रतापपुर थाना क्षेत्र सोनवर्षा गांव का रहने वाला था। गौतम पासवान 90 के दशक में सेंट्रल कमेटी के सदस्य रमेश और गोपाल के दस्ते का मेंबर हुआ करता था। इसके खिलाफ झारखंड और बिहार के विभिन्न थानों में 5 दर्जन से भी अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। खासकर अगर हम चतरा जिले की बात करें तो चतरा जिले के इटखोरी, राजपुर,हंटरगंज, प्रतापपुर,जोरी समेत आधा दर्जन थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। गौतम पासवान पहली बार पटना से गिरफ्तार हुआ था। दरअसल उस वक्त गौतम अपना इलाज करवने के लिए पटना गया हुआ था इसी दौरान उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वही दुसरी बार पुलिस ने गया के एक होटल से पत्नी के साथ गिरफ्तार किया था।

**गौतम पासवान की पत्नी ने लड़ा था चुनाव**

सुरक्षाबलो के साथ मुठभेड मे ढेर हुए भाकपा माओवादी के शीर्ष इनामी नक्सली गौतम पा. सवान के तीन बेटे और एक बेटी है। वही पत्नी मनोरमा देवी प्रतापपुर के बरूरा पंचायत के कठौतियालिपता आंगनबाड़ी केंद्र मे सेविका के रूप मे कार्यरत थी। वही मनोरमा देवी वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम के टिकट से चतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ी थी लेकिन वह चुनाव हार गई थी।

# राजपुर के चर्चित विष्णु मर्डर का पुलिस ने एक सप्ताह में ही किया खुलासा

## प्रेम प्रसंग में विष्णु को उसके दोस्तों ने ही उतारा मौत के घाट

## हत्या में शामिल तीन अपराधी और हत्या में प्रयुक्त चाकू सहित अन्य सामान बरामद

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**





कान्हाचट्टी : राजपुर बाजार निवासी विष्णु कुमार चर्चित मर्डर की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है।इस मामले में राजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया है।ि. जसमे हत्यारों द्वारा विष्णु की हत्या में प्रयुक्त किये गए चाकू एवं खून लगा अपराधियों का कपड़ा भी पुलिस ने बरामद कर ली है।इस मामले की जानकारी मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने दी।।बताते चलें कि राजपुर थाना क्षेत्र के कैन्डीनगर स्थित चुआरी मंजराही जंगल में रामनवमी के एक दिन पूर्व राजपुर बाजार निवासी विष्णु कुमार पिता पवन चन्द्रवंसी की हत्या किया गया था।इस संबंध में राजपुर थाना में काण्ड संख्या– 25/23 दिनांक 29.03.23 धारा 302/201/120(बी0)/34 भा0द0 वि0 अंकित किया गया था। उक्त काण्ड का उद्भेदन के लिए आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। छापामारी के क्रम में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के एक सप्ताह अंदर ही काण्ड का उद्भेदन कर काण्ड में संलिप्त तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया। काण्ड में प्रयुक्त खुन लगा चाकु को भी बरामद किया गया है।

**प्रेम प्रसंग मामले में विष्णु को उसके दोस्तों ने ही उतारा मौत के घाट :** विष्णु कुमार की मौत प्रेम प्रसंग के कारण उसके दोस्तों ने ही कर दिया।गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के समक्ष हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया।युवकों ने पुलिस को बताया को मृतक युवक की हत्या रामनवमी के एक दिन पूर्व पांच बजे शाम के पहले ही कर दी गई थी।

**शराब के अत्यधिक सेवन कराकर किया था हत्या :** विष्णु के दोस्तो ने पहले विष्णु के साथ शराब पिया और विष्णु को अत्यधिक शराब सेवन करा दिया और जब विष्णु जब शराब के नशा में अत्यधिक हो गया तो विष्णु को शराब के बोतल से माथे के पीछे वाला भाग पर हमला कर उसे घायल कर दिया और फिर उसकी तीनो दोस्तो ने मिलकर कर चाकू से गोद गोद कर उसे मौत की नींद सुला दिया।

**गिरफ्तार अपराधियों में संजीत सोनी पिता दृ संजय सोनी ग्राम :** थाना राजपुर जिला चतरा, रोहित राणा पिता दृ कौलेश्वर राणा ग्राम– रेहेदाग थाना राजपुर जिला चतरा बीरेन्द्र भुईया पिता रामस्वरुप भुईया ग्राम– कैन्डीनगर टोला कुलीडीह, थाना राजपुर जिला चतरा का नाम शामिल है।इनके पास से जप्त किये गये समानों की विवरणी इस प्रकार हैरु– घटना में प्रयुक्त खुन लगा चाकु अभियुक्त बिरेन्द्र भुईया का खुन लगा टी शर्ट दो मोबाईल।

**छापामारी दल में ये अफसर थे शामिल :** इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के अलावा इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी, राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान, थाना, पु0अ0नि0 नन्दन कुमार सिंह (केश अनुसंधान पदाधिकारीराजपुर थाना, चतरा पु0अ0नि0 दीपनारायण सिंह राजपुर थाना, चतरा । राजपुर थाना सशस्त्र बल एवं सैट दृ 83 के जवान चतरा ।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## खबर का असर : डीएस ने मुखिया के उपस्थिति में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन में रखा पुआल,गोबर गोयथा को हटवाया

### उप स्वास्थ्य केंद्र में अतिक्रमण के मामले में निरीक्षण कर प्रमुख ने डीएस को अतिक्रमण हटाने को दिया था निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विजैय उप स्वास्थ्य केंद्र से अतिक्रमण हटाते डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के अंतर्गत संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र गुड़ियों बिजैया भवन के कुछ कमरों को अवैध तरीके से अतिक्रमित कर पुआल और गोबर गोयथा रखे जाने से संबंधित खबर अपेम लाइव न्युज में प्रकाशित होने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार को डीएस ड०क्टर प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में अनुमंडल अस्पताल की एक टीम विजैया उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लिया । मौके पर उन्होंने पाया की उप स्वास्थ्य केंद्र भवन में अवैध तरीके से किसी व्यक्ति विशेष द्वारा पुआल, सहित कुछ निजी सामग्री रखा गया है। जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। डीएस ड० प्रकाश ज्ञानी ने मुखिया मकिना खातून के उपस्थिति में अतिक्रमित कमरा का ताला खुलवा कर उसमें रखा हुआ पुआल, गोबर गोयठा को हटवाया। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र एक सार्वजनिक सरकारी संस्थान स्थान है। जिसमें किसी व्यक्ति विशेष का कोई भी सामान स्वास्थ्य भवन के कमरा में नहीं रखा जा सकता है । इसलिए भवन के कमरा में रखा हुआ सामान को हटवा दिया गया । गौरतलब हो कि सोमवार को प्रमुख मनोज रजक एवं उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा ने उप स्वास्थ्य केंद्र गुडियो विजैया का औचक निरीक्षण किया था । जिसमें पाया गया था कि कुछ लोग उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के कुछ कमरों को अतिक्रमित कर उसमे अपना सामान रख दिए हैं। जिससे आसपास गंदगी का अंबार है और उससे स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है । प्रमुख ने मौके पर से ही डीएस को स्वास्थ्य भवन को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया था। जिसके आलोक में डीएस ड०क्टर प्रकाश ज्ञानी ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर स्वास्थ्य केंद्र को अतिक्रमण मुक्त कराया। डीएस प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अस्पताल परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अंचल कार्यालय को पत्राचार किया गया है लेकिन अब तक इसे अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया है पुनः एक बार सीओ को लिखित तौर पर अस्पताल की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं सीमांकन कर बाउंड्री बनाने की मांग करेंगे। मौके पर बीपीएम नारायण राम, मुखिया मकीना खातून, सहिया कांति देवी, अब्दुल्ला अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## जंगल में लगा करंट रहित बिजली तार से युवक की मौत

### पशु को फसाने के लिए तस्कर लगते है नंगा बिजली तार





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

प्रखंड के दैहर पंचायत के ग्राम मुड़िया के 25 वर्षीय ईश्वर भुइयां पिता भुनेश्वर भुइयां की मौत मंगलवार को जंगल मे लगा नंगा बिजली तार के चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि मृतक गांव के अनिल भुइयां पिता जमुना भुइयां के साथ जंगल जानवर चरा रहा था। दूसरा युवक भी बिजली करंट के चपेट में आया था। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। ईटखोरी के ग्राम बेलगड़ा के कुछ सामाजिक तत्व, जंगली पशु तस्कर बेलगड़ा और दैहर के मुड़िया, पथलगड्डा में जंगली पशुओ को फसाने तथा मांस और चमड़े की तस्करी के उद्देश्य से बिजली रहित नंगा तार जंगलो में बिछाया जाता है। जिसमे 11 वोल्ट का करंट प्रवाहित रहता है। करंट के चपेट में जब जंगली जानवर फसता है तो उसका शिकार कर देते है। खास कर गर्मियों में पशु तस्करों द्वारा जंगलो में करंट रहित नंगा बिजली तार बिछाया जाता है। बताया गया कि हज़ारीबाग़–चतरा जिले के सीमावर्ती बेलगड़ा मोड़ से एक सड़क बनी है। सड़क के एक और बेलगड़ा तथा दूसरी और हज़ारीबाग़ जिले के दैहर पंचायत का मुड़िया, पत्थलगड्डा करगा सहजना गांव को जोड़ता है। ग्राम बेलगड़ा के कुछ सामाजिक पशु तस्कर बेलगड़ा और ललकीमाटी जंगल मे जंगली पशु फसाने के लिए बिजली रहित नंगा तार बिछाया जा रहा है। जानकारी हो कि जब से उक्त क्षेत्र में बिजली तार लगा है, उसके बाद से हिरण, सुअर सहित अन्य जंगली जानवरो को फसाने तथा उसका मांस चमड़े का तस्करी करते है।

ग्रामीणों ने कई बार बिजली चोरी की सूचना विभाग को दी– ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों तथा कर्मियों को पशु तस्करों द्वारा 11 वोल्ट पोल से बिजली चोरी तथा बिजली का गलत उपभोग की सूचना दी गई थी। विभाग द्वारा कभी भी ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई नही किया। जिसके कारण ही तस्करों के मनोबल भी बढ़ गया था।

घटना की सूचना पर मृतक के गांव पहुंच मुखिया– दैहर पंचायत के मुखिया ब्रम्हदेव भुइयां घटना की सूचना और मृतक के गांव मुड़िया पहुंचा। मुखिया ने प्रशासन को ऐसे सामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार.वाई की मांग किया। मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग तथा हर संभव मदद की बात कही। गंभीर रूप से घायल को समुचित प्राथमिक ईलाज में सहयोग करने को कहा।

## विष्णुगढ़ के युवक का शव बगोदर में नदी किनारे मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

### युवक बगोदर के होटल तथा मजदूरी का करता था काम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बगोदर के जमुनियां नदी किनारे घटनास्थल पर जुटे

बगोदर के कान्दु टोला स्थित जमुनियां नदी किनारे मंगलवार की अहले सुबह एक युवक का शव पाया गया। सूचना पाकर घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान विष्णुगढ़ के बरांय पंचायत के बाराघाट निवासी अनिल यादव (30) पिता बुधु यादव के रूप में की गई। बताया जाता है कि युवक अनिल यादव बगोदर के एक होटल में काम करता था। काम के पश्चात वह प्रतिदिन शाम में घर लौट जाया करता था। सोमवार को काम के पश्चात देर शाम तक घर नहीं लौटा तो परि. जनों को चिंता हुई और उसकी खोजबीन में जुट गए। काफी प्रयासों के बाद भी युवक का कहीं पता नहीं चल सका। मंगलवार की अहले सुबह जब ग्रामीण नदी की ओर गए तो नदी किनारे एक युवक का शव देखकर हो–हल्ला किया। इसके बाद अन्य कई लोग पहुंचे और शव की पहचान की। शव में कई जगहों पर गंभीर चोट के निशान तथा खून के धब्बे को देखकर लोगों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। बगोदर विधायक बिनोद सिंह, जिप सदस्य शेख तैयब, मुखिया राजेन्द्र मंडल आदि भी जानकारी पाकर घटनास्थल पहुंचे। फिलहाल बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। विधायक ने पुलिस को घटना की गहनता से जांच कर हत्यारों का पता लगाने तथा कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## छात्रों की मौत से पूरे प्रखंड में मातम का माहौल,चारों मृतकों के अंतिम संस्कार किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव केरेडारी मार्ग स्थित दोहरवा के पास दो मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर दुर्घटना में हुई 4 छात्रों की मौत से पूरे प्रखंड में मातम पसर गया। सभी चारों मृतक दिलीप कुमार एवं अनिल कुमार ग्राम चमगड़ा तथा नगड़ी ग्राम के साहिल एवं समीर की पोस्टमार्टम के पश्चात परि. जनों ने अपने अपने धर्म के रिती रिवाज से अंतिम संस्कार किया। इस दौरान लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग मौजूद थे। मृतक के परिजनों को लोग शोक संवेदना ढाढस बंधाते नजर आए। आपस में लोग चर्चा कर रहे थे की कभी भी इतनी भयानक दुर्घटना नहीं देखी थी भग. वान से मनाते हैं कि कभी भी इतनी बड़ी दुर्घटना कभी नहीं हो। यह काफी हृदय विदारक घटना थी। असमय चारों छात्रों का गुजर जाना , परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। मौत से दोनों गांव में काफी मातम पसर गया है लोग गमगीन थे।

## पंसस कृष्णा राम के हाथों बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : चेपाकला पंचायत के आराहरा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मुगरी टोगरी में पंचायत समिति सदस्य ,अध्यक्ष संचार एवं संक्रम के कृष्ण राम ने वर्ग 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को झारखंड सरकार के द्वारा प्राप्त पोशाक का वितरण किया गया। 4 अप्रैल को सत्य और अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर जी के जीवनी से संबंधित बच्चों को जानकारी दिया। इन्होंने कहा कि समय पर पोशाक और पाठ्य सामग्री नहीं मिलने पर छात्रों को परेशानियां होती है । साथ ही उन्होंने आगे कहा कि गुणवत्तापूर्ण कोई भी सामग्री नहीं मिलता है । मौके पर विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष मनोज महतो, सचिव मोहन कुमार, संयोजिका बिलासों देवी ,रविंद्र ठाकुर ,बुधन महतो, लोचन महतो, सुरेंद्र कुमार,राजेश कुमार, सरिता देवी,मुनिया देवी,तिलासो देवी, एवम छात्रों उपस्थित थे ।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भामाशाह विद्यालय में मनाई गए भगवान महावीर जयंती, उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



गया रोड़ स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में महावीर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महावीर स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, वरिष्ठ आचार्य चंद्रमोहन मिश्र और संजीव सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि महावीर जयंती के दिन भगवान महावीर की पूजा करनी चाहिए और उनके बताएं उपदेशों और सिद्धांतों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। विद्यालय के आचार्य संजीव कुमार सिंह ने कहा कि महावीर स्वामी ने लोगों को उच्च नैतिक जीवन जीने की शिक्षा दी। उन्होंने मनुष्य के मन से बुरे विचार दूर कर लोगों को प्रेम और अहिंसा का रास्ता दिखाया। बहन किरण कुमारी ने अपने भजन गायन से उपस्थित सभी भैया-बहनों एवं आचार्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नेहा मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन ऋचा जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे।

## कारगाइयों एवं कोलहुकला सहित एक दर्जन गांव को जोड़ने वाला पुलिया जर्जर, कभी भी हो सकता है हादसा

### पीलर के नीचे हो रहा है खोखला, नया पुल बनाने की है दरकार, जनप्रतिनिधि मौन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के कोल्हुआ कला पंचायत के करगाइयों एवं कोल्हुआ कला सहित लगभग एक दर्जन गांवो को जोड़ने वाला बीरमानिया नाला पर बना पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कगार पर है। पुलिया काफी पुराना होने के कारण जर्जर हो गया है। यदि समय रहते इस पुलिया का जीर्णोधार नही किया गया तो निश्चित ही कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। गौरतलब है की यह पुलिया बरनी नाला पर बना है। बारिश के समय नाला में काफी पानी का बहाव होता है। जिसके कारण पुलिया का पिलर भी खोखला हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर सोमवार को उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बिनोद यादव पुलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उप प्रमुख ने बताया की यह पुलिया कोल्हुआकला पंचायत के करगाइयों, तिलैया बस्ती, बेला, कोल्हुआ कला, बधिया जबाड़, सहित भंडारों एवं विजैया पंचायत के कई गांवों को जोड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ों छोटी बड़ी गाड़ियों का परिचालन होता है। यदि तत्काल मरम्मत या उसके जगह पर नया पुलिया नही बनाया जाता है तो कभी अनहोनी घटना हो सकती है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर कई गांवों का एक दूसरे से संपर्क टूट सकता है। बिनोद यादव ने कहा की इस पुलिया के स्थान पर बड़ा पुलिया निर्माण होनी चाहिए। क्योंकि यह पुलिया सिंगल वाहन के परिचालन के लिए बनाया गया था। लेकिन वर्तमान में आबादी ज्यादा होने के कारण इसके स्थान पर चौड़ा एवं बड़ा पूल बनाने की जरूरत है। ग्रामीणों के अनुसार यह आजादी के बाद ही बना था। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिक. ारियों को आवागमन इसी पूल से ही होता है लेकिन इस गंभीर समस्या के तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है।।

## सीमित संसाधन में बेहतर कर रहा है राजकीय पशु प्रक्षेत्र एवम बिरसा कृषि प्रक्षेत्र : चंदन कुमार

### कृषि एवम पशुपालन निदेशक ने किया राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरियाकर्मा एवम बिरसा कृषि प्रक्षेत्र का निरीक्षण, जानी प्रक्षेत्र का हाल





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के कृषि एवं पशुपालन निदेशक डॉ चंदन कुमार मंगलवार को एशिया का सबसे बड़ा राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरिया कर्मा एवं बिरसा कृषि प्रक्षेत्र के बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र गौरियाकर्मा का औचक निरीक्षण कर प्रक्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उनके साथ क्षेत्रीय निदेशक उतरी छोटानगपुर डॉ दारा सिको, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ न्यूटन तिर्की आईसीएआर के कार्यकारी पदाधिकारी डॉ विशलनाथ पांडेय, बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र गौरियाकर्मा के उप निदेशक श्रीनिवास गिरी भी मौजूद रहे। निदेशक डॉ चंदन कुमार ने राजकीय पशु प्रक्षेत्र , शूकर प्रजनन प्रक्षेत्र एवं सांढ पोषण प्रक्षेत्र गौरियाकर्मा का भ्रमण कर उस प्रक्षेत्र के प्रबंधक डॉ संजीव कुमार से प्रक्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रबंधक डॉ संजीव सिंह ने राजकीय पशु प्रक्षेत्र की समस्या से उन्हे अवगत कराया। उन्होंने बताया की उनके प्रक्षेत्र में पूर्व में बने भवन जर्जर हो गए। उनके स्थान पर नए भवन की जरूरत है। दूध की सरकारी दर में भी बढ़ोतरी करने की भी बात कही गई। सुकर प्रजनन प्रक्षेत्र के प्रभारी डॉ राजीव भारती ने सुकर प्रजनन एवं उनसे संबंधित चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। निदेशक ने कहा की सीमित संसाधन में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसे और डेवलप किया जायेगा। जो भी समस्या है उसे लिखित तौर पर पर उनके पास पहुंचाए । सभी का समाधान होगा। उसके बाद बिरसा कृषि प्रक्षेत्र के बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केन्द्र का भी निरीक्षण कर केंद्र के द्वारा किया जा रहा कार्य की जानकारी ली। निदेशक को तिलक चंदन लगाकर एवं बुके के साथ स्वागत किया गया। उप निदेशक श्री. निवास गिरी के कार्यो से वे संतुष्ट दिखे। कहा की बीज उत्पादन के मामले में इस केंद्र का कोई जबाब नही है। बेहतर कार्य हो रहा है। इसे विकसित कर और बेहतर किया जायेगा। श्री. निवास गिरी ने प्रक्षेत्र की जमीन की जा रही अतिक्रमण से निदेशक को अवगत कराया। साथ ही अतिक्रमणकारियों से हो रही परेशानी से भी अवगत कराया। उसके बाद आईसीएआर पहुंचे और कार्यकारी अधिकारी डॉ विशालनाथ पांडेय से आईसीएआर के बारे में जानकारी प्राप्त की। गौरियाकर्मा पशु प्रक्षेत्र परिसर में सभी लोगों ने मिलकर रुद्राक्ष एवं चंदन का पौधा लगाया। मौके पर डॉ संजीव सिंह, डॉ राजीव भारती, लखन ठाकुर, ज्ञानी चौधरी, संजय दास, प्रवीण कुमार, शंकर राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## बुंडू : ग्रामीण छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहा प्रतिभा विद्या मंदिर : मनोज कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में संचालित प्रतिभा विद्या मंदिर ग्रामीण क्षेत्र जैसे बुंडू, तेलोडीह, करमा, खैरा, केंदुवा, बेलादोहर एवं बेलहरा जैसे सुदूरवर्ती गांव के लिए यह स्कूल वरदान साबित हुआ है। विधालय के शिक्षक दीपक कुमार ने बताया की इस विद्यालय की स्थापना 2010 में की गई थी। जो पिछले तेरह सालो से अपने गांव में सेवा दे रही है साथ ही वैसे अभिभावक जो आर्थिक रूप से गरीब है और अपने बच्चों को पढ़ाने - लिखाने में असमर्थ है। वैसे छात्रों के लिए भी यह स्कूल वरदान साबित हुआ है। और अभी तक इस विद्यालय के कई ऐसे विद्यार्थी पढ़कर नेवी, आर्मी सहित अलग अलग विभागों में अपनी सेवा दे रहे है। और अब इस विद्यालय का प्रतिभा विद्या मंदिर से बदलकर वर्तमान में मॉडर्न पब्लिक स्कूल कर दिया गया है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## रक्तदान मानव सेवा का उत्कृष्ट रूप है : डॉ. एम के जोस

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**




महुआडांड/लातेहार : संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ में सात दिवसीय १ जेवेरियन वीक १ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के पांचवे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का अयोजन महाविद्यालय के एनएसएस यूथ रेड क्रॉस, सदर अस्पताल पलामू और महुआडांड़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस , चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार खोलखो और संजीव रंजन ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित और प्रेरित करते हुए कहा की रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है, एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है। रक्तदान महादान है और यह मानव सेवा का एक उत्कृष्ट रूप है।शिविर में प्रोफेसरों और विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और चालिस यूनिट रक्तदान किया गया।रक्तदान करने वालों के लिए विश्राम कक्ष तथा जलपान का भी व्यवस्था किया गया था। इस दौरान रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र और सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। डॉ. अमित खलखो ने रक्तदान के फायदे के बारे में विद्यार्थियों को बताया और कहा कि सभी सक्षम और स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। बहुत से जानलेवा बीमारियों के उपचार के दौरान रक्त की आवश्यकता होती है। हम सभी के द्वारा किए गए रक्तदान से ही उनकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने महाविद्यालय के इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजन करते रहने की सलाह दी।रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य महोदय ने सदर अस्पताल पलामू और महुआडांड़ के चिकित्सा दल के सभी सदस्यों, प्रोफेसरों, शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों और विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उप प्राचार्य सिस्टर कैसलिन जुलियट, एनएसएस के कोऑर्डिनेटर मैक्सेंशियस कुजूर, संतोष कुमार चौबे, यशवंत राम, आनंद मोहन, सत्यम सोनी, संजीत विश्वकर्मा, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्व वित्त पोषित दुकानों का किराया बढ़ाने का जिप सदस्य ने किया विरोध

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने अनुमंडल पदाधिकारी सह किराया नियंत्रक विशेष पदाधिकारी लातेहार को पत्र लिखकर प्रखंड मुख्यालय समेत लातेहार एवं नेतरहाट में बाजार समिति द्वारा स्व वित्त पोषित योजना अन्तर्गत बनाए गए दुकानों का किराया बढ़ाने पर रोक लगाने का मांग किया है। ज्ञात हो कि 110 से अधिक स्व वित्त पोषित योजना से दुकान निर्माण कराया गया था ।इन सभी दुकानदारों के अलावा नेत. रहाट एवम लातेहार में भी दुकान निर्माण कराया गया है।इन सभी दुकानदारों को अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार द्वारा पणन सचिव कार्यालय लातेहार में 6 अप्रैल को किराया बढ़ाने व पुन निर्धारण हेतु सभी दुकानदारों की बैठक बुलाई गई।जिस संबंध में जिप सदस्य श्रीमती शेखर ने लातेहार एसडीओ को दिए अपने पत्र में कहा है कि 4 वर्ष पूर्व ही राज्य सरकार व कृषि विपणन विभाग द्वारा सभी दुकानों को श्रेणीबद्ध करते हुए श्रेणीबद्ध तरीके से दुकानों का किराया निर्धारित किया गया था जो सभी दुक. ानदारों हेतु उचित था। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदारों के हित में सभी दुकानों का किराया राज्य स्तर पर ही निर्धारित हो तो सभी दुकानदारों उचित व मान्य है।लेकिन 4 साल बाद केवल लातेहार जिला का किराया निर्धारण किए जाने का दुकानदारों ने विरोध किया है।लातेहार एसडीओ को दिए अपने पत्र में श्रीमती शेखर ने कहा है किवही किराया निर्धारण हेतु छोटे-छोटे सभी दुकानदारों को एक साथ अपनी अपनी दुकानें बंद कर लातेहार मीटिंग में शामिल होना काफी परेशानियों भरा है।श्रीमती शेखर ने अनुमंडल पदाधिकारी से छोटे-छोटे दुकानदारों के हित में गुहार लगाते हुए किराया निर्धारण हेतु बैठक स्थगित कर कर राज्य स्तर पर ही किराया निर्धारित करने की मांग किया है।

## एक भवन में दो स्कूल, चार शिक्षक होने के बाद भी,बंद रहता है स्कूल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : झारखंड सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों को शिक्षा दिलाने की तमाम कोशिशों के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की ला. परवाही पूर्ण रवैया नजर आ रहा है।प्रखंड महुआडांड़ का अति पिछड़ा पाठ क्षेत्र ओरसा पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जामडीह और राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोगाडीह का है, दोनो स्कूल एक ही भवन के दो-दो कमरे में संचालित है। ज्ञात हो कि डोगाडीह स्कूल भवन छतिग्रस्त होने के बाद 36 नांमकित बच्चों को जामडीह स्कूल के भवन में लाकर पढ़ाया जा रहा है।डोगाडीह से जामडीह की दूरी 1 किमी है, जामडीह ग्राम झारखंड का राजस्व गांव है, जो छत्तीसगढ की सीमा क्षेत्र से लगा हुआ है, और अपने प्रखंड मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर है। बच्चे मध्यान भोजन किये बिना लौटे यहाँ चार शिक्षक एवं 95 बच्चे नांमकित है। रोज स्कूल नही खुलता स्कूल कई बार स्कूल रुम के बाहर शिक्षकों का इंतजार करते एवं रसोइया के 11 बजे तक नही आने के बाद बच्चे मध्यान भोजन किये बिना, घर लौट गये।छात्र मंगनी नगेसिया, राजेश नगेसिया, जयपाल नगेसिया, राजेंद्र,नगेसिया, शिव गोविंद, देवमुनि नगेसिया, बीफनी नगेसिया बच्चो ने कहा कि सप्ताह में तीन-चार दिन मास्टर साहब आते है। अंडा इ कभी -कभी मिलता है। बच्चो ने यह भी बताया कि करोना के कारण बंद रहे मध्याह्न भोजन का पैसा केवल तीन-तीन सौ एक बच्चे को दिया गया है। शिक्षा पाने वाले व देने वाले दोनो आदिवासी जामडीह ग्राम प्रधान भरत नगेसिया ने कहा कि विद्यालय में सुधार होने के बजाय,साल दर साल स्तिथि और खराब हो गई है।ज्यादातर बच्चे आदिवासी हैं। शिक्षक भी आदिवासी है। लेकिन इनकी चिंता नहीं करते। शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होती है।अति पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण कोई अधिक. ारी भी क्षेत्र में नहीं आता है, केवल नोटिस के नाम खानापूर्ति कर ली जाती है। जांच किया जायेगा, भवन नही है, विभाग को है,पता दृ बीईओ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने कहा कि कहा कि जांच कर, दोषी पाए जाने पर, कारवाई हेतु विभाग के आधिकारीयों को पत्र लिखा जायेगा साथ कहा कि डोगाडीह स्कूल के भवन के लिए मांग कि गई है।

## दम तोड़ रही है जनजल योजना , लापरवाही का नतीजा भुगत रहे हैं गुड़कुआं गांव के लोग , बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज हैं लोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत आंगो अंतर्गत गुड़कुआ गांव में कई वर्षो बाद मुख्यमंत्री जनजल योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति बहुमूल्य टोलों में सोलर आधारित पाईप जलपूर्ति योजना वर्ष 2019-20 के द्वारा लगाया गया था। जो कई माह से पूरी तरह खराब है।और लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। समा. जसेवी डहरु उरांव ने बताया कि सोलर पेयजल नल पूरी तरह से खराब है जिससे यहां के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में 2 और चपानल है वह भी पूरी तरह खराब पड़ा है।इसकी सूचना मैंने जनप्रतिनिधि सहित विभागीय पदाधिकारी को दिया पर अब तक नहीं बन पाया। उक्त आदिवासी गांव टोला में महज अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं। 2020 के पूर्व पूरा गांव नाले में चुआं बनाकर पानी पीता था और अब फिर वही दिन देखने को मिल रहा है।इधर गर्मी मौसम का आगमन हो चुका है । इसलिए हम ग्रामीणों को पीने के पानी की चिंता सताने लगी है।ऐसे में नल का बनना अति आवश्यक है।समय रहते नहीं बना तो हम ग्रामीणों को काफी घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।इसलिए विभाग वा जनप्रतिनिधि से जल्द बनवाने की मांग करते हैं।मांग करने वालों में मुख्य रुप से समाजसेवी डहरू उरांव , मुनेश्वर गंझू , बुधवा गंझू , आलेख मुंडा , राजदेव मुंडा , शननी गंझू , उमेश गंझू , लक्ष्मण मुंडा , सुरेश मुंडा , सुखदेव मुंडा , कमल गंझू , मुनिया देवी , सविता देवी एवं ललिता देवी आदि शामिल है।

RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
UID NO. 20040117202 (A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)

ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।
—— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



UDISE CODE - 20040105606
Arise Awake & Achieve

SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10
Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405
Mob. : 9955067983, 9934680783
Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

Career Opportunities

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

TEACHER REQUIREMENT

| Sl. No. | Post | Qualifcation |
| --- | --- | --- |
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : English/ SST/Science

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783
Principal : 9470318683

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## हवन पूजन के साथ सरस्वती विद्या मंदिर में नए सत्र का शुभारंभ

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय के धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर , में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ व हवन – पूजन के साथ नए सत्र की शुरुआत की गई ।सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन मुख्य पुजारी संदीप शास्त्री के द्वारा कराया गया उनके साथ जयराम यादव , उमेश यादव ,रविशंकर यादव भी उपस्थित थे ।हवन पूजन विद्यालय के पुरोहित राधेश्याम मिश्रा के द्वारा कराया गया मौके पर प्रधानाचार्य ने समस्त अभिभावक , आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया / बहनों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि विद्या भारती के निर्देशानुसार नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया जाता है। उन्होंने हवन यज्ञ के महत्व को विस्तार से बताया और कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। देवी देवता प्रसन्न होते हैं। अंत में उप. स्थित अभिभावक, आचार्य बंधु भगिनी ,भैया /बहनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया ।इस हवन में भारी संख्या में अभिभावक एवं भैया /बहन उपस्थित थे ।मौके पर लालबहादुर राम , शशिकांत पांडे , विजय पाठक , ओंकार नाथ सहाय , राधे श्याम मिश्र , विजेंद्र शर्मा , ममता देवी , सुरेश ठाकुर , नीलम , अभिनय कुंभकार , रेणु गुप्ता , गीता कुमारी , गोपाल प्रसाद , रितेश रंजन गुप्ता , धर्मप्रकाश प्रसाद , पूनम गुप्ता , आलोक कुमार पांडेय , फूलचंद सिंह , कपिल देव प्रमाणिक , रविकांत पाठक , राकेश कुमार सिन्हा , रविन्द्र कुमार पांडेय , दीपक कुमार शर्मा , विकास कुमार गुप्ता , रजनी नाग , श्वेता श्रीवास्तव , प्रवीण प्रसाद यादव , रूपेश सिंह , अनुजा कुमारी , उपासना कुमारी , शिल्पा पाठक समेत अन्य उपस्थित रहे।

## डीवीसी की मनमानी एवं वादाखिलाफी के विरोध में आमरन अनशन पर बैठे विस्थापित

### दो सूत्री मांगों को लेकर डटे हैं अनशनकारी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




डीवीसी की मनमानी एवं वादाखिलाफी के विरोध में विस्थापित एक बार पुनः आंदोलन की राह पर हैं। कोनार डैम निर्माण के समय परसाबेड़ा मौजा से विस्थापित हुए बनासो पंचायत के नावाटांड़ के ग्रामीण मंगलवार से पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कोनार स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय के समक्ष अपनी विविध मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आमरन अनशन पर बैठ गए। भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों में मुख्य रूप से महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल तथा सुरेश राम शामिल हैं। सर्वप्रथम नावाटांड़ के आंदोलनकारी ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए पैदल कोनार डीवीसी कार्यालय के समक्ष पहुंचे। जहां डीवीसीकर्मियों ने आंदोलनकारियों को कार्यालय परिसर के बाहर रोक दिया। इसके बाद अनशनकारी परिसर के बाहर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर अनिश्चितक. ालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। विस्थापित आंदोलनक. ारियों की दो सूत्री मांग है। जिसमे पहला, विस्थापन में मिली जमीन का म्यूटेशन के साथ पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रमाण पत्र प्रदान करने तथा दूसरा, डीवीसी और विस्थापितों के बीच वर्ष 2019 में हुए समझौते को लागू करने की मांग शामिल है। आंदोलन में बनासो मुखिया चंद्रशेखर, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार महतो, जीतन महतो, अमृत महतो, सहदेव राम समेत कई महिलाएं भी मौजूद हैं।

## भीषण सड़क दुर्घटना में घायल हुए नीतीश से रिम्स मिलने पहुंचे आजसू नेता रोशनलाल

### अस्पताल के डॉक्टरों से मिलकर बेहतर से बेहतर इलाज करने का किए बात

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सोमवार को इंटर आर्ट्स के परीक्षा होने के बाद घर लौट रहे छात्रों के गाड़ियां आपस में विपरीत दिशा से टकराने के बाद मौके पर ही 3 छात्र की मौत हो गई थी ।वही 2 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जिसकी सूचना पाते हैं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी ने इस भीषण सड़क दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए रांची रिम्स पहुंचकर ईलाजरथ छात्र नीतीश कुमार के लिए अस्पताल के अधिकारियों से संपर्क कर हर एक पहलू पर ध्यान रखते हुए इलाज करने की बात कही। वही इलाज के दौरान छात्र अनिल कुमार की मृत्यु हो गई जिसके बाद मृतक छात्र का शव को अपने देखरेख में बड़कागांव के लिए एंबुलेंस से भेजवाया। वही रांची रिम्स में इलाज हो रहे नीतीश कुमार के परिवार वालों से मिलकर एवं मृतक सभी छात्रों के परिवार वालों को हर संभव मदद करने बात की। इस दुखद घटना के के बारे में उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है भगवान मृतक के परिजनों को इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44वां स्थापना दिवस में संजीव बेदिया सहित सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए

### सावित्रीबाई फुले योजना के तहत छात्रों को हेमंत सरकार द्वारा कई सहयोग दी जा रही है : संजीव बेदिया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44 वां स्थापना दिवस हजारीबाग संत कोलंबस कॉलेज मैदान में आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा से सैकड़ों की संख्या में हजारीबाग पहुंचे । संजीव बेदिया ने कहा हेमंत सरकार ग्रामीणों के हित के लिए काम कर रही है है। झारखंड मुक्ति मोर्चा आदिवासी मूलनिवासी का पार्टी है। सभी को मिला जुला कर चलने वाली सरकार है। गरीबों के लिए भिन्न भिन्न प्रकार की योजनाएं हमेशा एक से बढ़कर एक लाए जा रहे हैं। चाहे वह योजना किसान संबंधित हो या स्कूल के प्रतिभावान छात्र छात्राओं के लिए सीधे तौर पर ग्रामीणों के बीच आ रही है । प्रोत्साहन के रूप में वर्तमान में जो भी बच्चे टॉपर रहे हैं उन्हें लैपटॉप मोबाइल दिए जा रहे हैं।

जिसमें फर्स्ट टॉपर 300000, सेकंड टॉपर 200000, थर्ड टॉपर 100000 रुपैया देकर सम्मानित किया जा रहा है। सरकार के द्वारा बच्चे को पढ़ने लिखने के लिए सावित्रीबाई फुले योजना के तहत इंटर में पढ़ रहे हैं बच्चों को इंसेंटिव के रूप में भी सहयोग सरकार दे रही है । मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो वरिष्ठ नेता सह झारखंड मजदूर कोलियरी यूनियन एनटीपीसी ब्ल०क प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह , प्रदेश कोषाध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली , प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां ,मुखिया इलियास अंसारी, ,प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, सचिव वासुदेव यादव ,कोषाध्यक्ष दीपन साव,झामुमो वरिष्ठ नेता राकेश मिश्रा, झामुमो युवा नेता संजय भुईयां , नंद किशोर भुईयां, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश पासवान ,रफीक अंसारी ,मुबारक अंसारी,कविता देवी, बिंदु देवी ,मोनिका देवी, जसवा खातून, गेसी देवीगोपी महतो , काली महतो, चंद्रिका रजक ,बसंत ठाकुर ,अशोक गुप्ता ,टे. कलाल प्रजापति, पवन तूरी, हरिलाल मांझी जानिसार आलम, मो ,गुलाम रब. बानी, मोहम्मद हुसैन, अब्दुल जब्बार, अनुराग बसु ,मंटूराम, विकास राम, मो इमरान ,मो मुजफ्फर अली, मो शकील, लालचंद यादव ,धनु यादव, सीताराम गोप , नंदलाल मांझी ,सरजू भुईयां ,अरविंद महतो,शौकत अली, नरेश राणा ,बालेश्वर पासवान, हरि राम ,सोहेल असगर, बरजू राम, दिनेश मुंडा ,सुरेश यादव ,रामचंद्र भुइयाँ , दशरथ साव ,कारू साव, सुखदेव साहू ,बिंदु साव, संजय प्रजापति ,सोहन गोप ,नंद किशोर कुमार ,रेवा पासवान सुनीता मरांडी ,सरिता मरांडी ,पार्वती हसदा ,सोनावती मरांडी, इत्यादि महिला पुरुष उपस्थित है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए स्थापना दिवस में

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड बरकट्ठा और चलकुशा से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पार्टी के 44वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उत्साह के साथ जिला उपाध्यक्ष मो यासीन खान, संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता और बीस सूत्री उपाध्यक्ष मो कुदुश अंसारी के नेतृत्व में हजारीबाग संत कोलम्बस क०लेज ग्राउण्ड पहुंचे। इनके साथ कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय सदस्य बासुदेव प्रसाद, गोबिन्द प्रसाद बिहारी, बेलकपी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झारखंड आंदोलनकारी नेता धीरेंद्र पाण्डेय, संजय साव, कोनहारा खुर्द के पूर्व मुखिया मोईन अंसारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कासिम अंसारी, निजाम अंसारी, कोनहारा कला से सदर अब्दुल हफीज, उप मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद रहमत अंसारी, गैडा पंचायत के उप मुखिया चन्द्रदीप पाण्डेय, बरकट्ठा डीह से अजीज अंसारी, अनवर अंसारी, सरफराज अंसारी, मेरमगड्डा से लालमणि मांझी, सुखदेव मांझी, बबून मांझी, रामेश्वर पासवान, सफीक अंसारी, मौलाना क्यूम, मौलाना अजीज, मौलाना मकबूल, दशरथ सोरेन, श्रीराम हेम्ब्रम, चेचकप्पी से राजाराम मांझी, महेश मुर्मू, बरकट्ठा से मोहम्मद कमाल, मिन्हाज खान, जाहिद खान, सन्नी खान, नाजा खान, शिलाडीह से मुखिया निजाम अंसारी, मोहम्मद कौशर, रमजान मौलबी, समेत बड़ी संख्या में बरकट्ठा एवं चलकुशा से महिला–पुरुष कार्यकर्त्ता नेता उपस्थित थे।

## मलकोको में अंजुमन कमिटी ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

### इबादत का महीना होता है रमजान : मो कयूम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में अंजुमन कमिटी द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अंजुमन कमिटी के सदस्य, ग्रामीण एवं पूर्व जिप प्रतिनिधि सह अल्पसंखयक महाकल्याण समिति अध्यक्ष मो कयूम, फाउंडर सदस्य पप्पू खान, मो अजहरुद्दीन शामिल हुए। आयोजक के रूप में सदर आसमीद अंसारी, सेक्रेटरी अनवर हुसैन शामिल रहें। पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने बताया कि इस्लाम में एक माह के रोजे रखना फर्ज है। मुस्लिमों के लिए गुनाहों से मुक्ति और रोजी की तरक्की के लिए यह बड़ा अजमत वाला माह माना जाता है। रमजान को नेकियों या पुन्यकार्यों का मौसम–ए–बहार कहा गया है। रमजान को नेकियों का मौसम भी कहा जाता है, इस महीने में मुस्लमान अल्लाह की इबादत ज्यादा करता है। यह महीना समाज के गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी का है। इस महीने में रोजादार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। इफ्तार पार्टी में मौलाना गुलाम हैदर रिज़वी, मौलाना मेहबूब, सदर अस्मिद मियां, सेक्रेटरी अनवर अंसारी, मौलाना मेराज़ उद्दीन, मौलाना मेराज़ अहमद, हाफिज़ मुबारक अंसारी, हाजी शहादत हुसैन, हाज़ी मंसूर मियां, डॉ. जसीम अंसारी, डॉ. सद्दाम अंसारी, अजहर उद्दीन, याकूब अंसारी, अब्दुल सलाम, मेहताब अंसारी आदि लोग शामिल हुए।

## 24 कुण्डीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ आज से ,तैयारी पुर्ण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय के चन्दनडीह गायत्री प्रज्ञा कुंज में 24 कुंडली नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूरी हो चुकी है। महायज्ञ की शुरुआत 5 अप्रैल को कलश यात्रा सह शोभा यात्रा से सुरु होगी। वहीँ संध्या में योग संगीत युग संदेश अध्यात्म गायत्री युग शक्ति का कार्यक्रम है।दूसरे दिन सुबह में यज्ञ ज्ञान विज्ञान देव पूजन दोपहर में कार्यकर्ता गोष्टी संगठनात्मक स्वरूप रात में प्रवचन संगीत नारियों जागो स्वयं को पहचानो।इसी प्रकार से 8 अप्रैल तक चलने वाली इस महायज्ञ में मुंडन संस्कार ,विद्या ग्रहण संस्कार,मुहजुट्ठी संस्कार सहित 16 संस्कार है जो मनुष्य जीवन के लिए जरूरी है उस पर विशेष आध्यात्मिक ज्ञान दिया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में देवेंद्र प्रसाद, दिलेश्वर यादव,लव तिवारी, संदीप कुमार, भोला प्रसाद, जवाहर प्रसाद, उर्मिला देवी, सुशीला साहू, अशोक प्रसाद, संजय कुमार सहित सैकड़ों गायत्री परिवार के परिजन दिन रात लगे हुए हैं।

## धूमधाम से मनाया गया जिला स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नगर भवन, लातेहार में आयोजित विकास मेला सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन एंव जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से शुभांरभ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित श्री राम ने कहा कि ये कहना गलत नहीं होगा कि लातेहार जिले का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान वर्ष 1924 में लातेहार को अनुमंडल बनाया गया था। 4 अप्रैल 2001 को लातेहार को जिला का दर्जा प्राप्त हुआ। इससे पहले यह पलामू का एक अनुमंडल था। लातेहार जिले के चारों ओर पहाड़ों की एक विशाल श्रृंखला है। हरी–भरी वादियां, ऊंचे पर्वत और जंगलों में महुआ व पलाश की खुशबू। लातेहार जिला प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। उपायुक्त ने लातेहार जिला के 22 वें स्थापना दिवस पर सभी लातेहार जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिया स उन्होंने कहा 4अप्रैल 2001 को पलामू जिला से अलग होकर लातेहार जिला बना था । आज लातेहार के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए विकास के उच्च स्तर को प्राप्त करने हेतु सतत प्रयत्नशील है।लातेहार जिला पर्यटन स्थलों की खूबसूरती, हरी–भरी वादियों और संगीतमय झरना आदि के लिए विख्यात है एवं दूसरी और खनिज संपदा से परिपूर्ण है। जिला अंतर्गत पर्यटन और खनन के क्षेत्र में विकास हो रहा है स सरकार विभिन्न क्षेत्रों में निवेश कर लोगों के विकास एवं रोजगार सृजन के लिए प्रयासरत है स आगे उन्होंने कहा कि जिला के प्रखंड मुख्यालयों में एससी/एसटी छात्रावास का निर्माण किया जाएगा स जिले अंतर्गत दो डिग्री कॉलेज संचालित है। बरवाडीह प्रखंड में डिग्री क०लेज प्रस्तावित है। स्वास्थ्य, शिक्षा व खेल खुद के क्षेत्र में बेहतर करने लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है और पूरी तरह से प्रयासरत भी है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए चिकित्सक एवं नर्स की नियुक्ति की जाएगी । आगे उन्होंने कहा कि रोड एक्सीडेंट को रोकने हेतु चार मिनी ट्रामा सेंटर जिले में खोला जाना है। पलामू टाइगर रिजर्व बेतला और नेतरहाट में पर्यटन के विकास के लिए सरकार एवं प्रशासन प्रयासरत है स । हर आंगनवाड़ी में पोषण वाटिका लगाने का प्रस्ताव है। खेल के क्षेत्र में प्रशिक्षक की नियुक्ति हो रही है। राज्य सरकार आप सभी के लाभ के लिए विकास के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ लें। आगे उपायुक्त द्वारा जिले में की जा रही सारी विकास संबंधी विभिन्न गतिविधियों व क्षेत्र में अब तक प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी दी गई।आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा पुलिस एवं सीआरपीएफ के संयुक्त प्रयास से बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करा लिया गया है स जिला पुलिस लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है स शिक्षा, खेल, कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित जैक बोर्ड दसवीं की वार्षिक परीक्षा 2022 में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सरस्वती विद्या मंदिर,लातेहार के छात्र राहुल रंजन तिवारी, प्रथम झारखंड स्कूल ओलंपियाड 2022 में सामान्य ज्ञान विषय पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्तोन्न्त उच्च विद्यालय सेमरसोत ,बालूमाथ के छात्र मोहसीरा प्रवीन, झारखंड कला उत्सव 2022 में कला के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली राजकीय बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय लातेहार की छात्रा नीशी रानी , खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2022 में ह०की में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले संत जा.ेसेफ उच्च विद्यालय महुआडांड़ की ह०की टीम,महुआडांड को माननीय विधायक, लातेहार , उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कृत किये गये प्रतिभागी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों के लिए आयोजित पेंटिग एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

विकास मेला कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल प्रदर्शनी लगाकर लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप , परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## हाथी हमले से मृतक बच्चे के आश्रित एवं घायलो को दिया गया मुआवजा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : वन विभाग कार्यालय में मंगलवार को वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी वृंदा पाण्डेय के द्वारा कुछ महीने ही पुर्व हुसंबू गांव में जंगली हाथी के हामले से मृत गोद का बच्चा सुर्या नगेसिया के आश्रित पिता अजय नगेसिया को मुआवज़ा का चार लाख का चेक दिया गया, साथ ही क्षेत्र में भालू और हाथी हामले से घायल हुए आश्रितों को भी मुआवजा दिया गया, जिनको भुगतान हुआ उसमे साधु बिरिजिया गांव हामी, मनतस किसान गांव चम्पा, निकोदीम नगेसिया गांव लोध, आंनद रोहित गांव बराही, कृष्णा सिंह गांव करकट, चौतु तुरी गांव चुटिया निवासी है, श्री पाण्डेय ने कहा कि जिन लोगो को मुआवजा का भुगतान हुआ है इसकी सूची चेक नंबर के साथ अंकित है। विभाग के द्वारा कुल सात लाख मुआवजा की रकम मृतक के आश्रित एवं घायलो को दिया गया।




